
हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

RAIPUR | INDIA
# KALINGA UNIVERSITY

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships




## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon
And Many More....

**+91-9907252100**
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in
**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### सीएम व मंत्रियों ने सांसद बनने पर बृजमोहन को किया सम्मानित



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनको सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा, श्री अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री से मिला आईएएस एसोसिएशन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पिंगुआ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और आईएएस एसोसिएशन के सचिव प्रसन्ना आर. मौजूद रहे।

### हत्या मामले में निष्पक्ष जांच कराने धनेंद्र ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

रायपुर। पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की है कि 12 जून को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पारागांव की रेत खदान के खनन क्षेत्र में ही समीप के ग्राम घोंट निवासी राजेश यादव की कुछ लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई।

### सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले किस मुंह से जांच की मांग कर रहे

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार आगजनी मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली कांग्रेस पर कटाक्ष किया है। उन्होंने सवाल किया कि अपने शासनकाल में तमाम संघीय ढांचे को तहस-नहस करने पर आमादा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित किया था, अब किस मुंह से कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है? उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाकर आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जाता रहा। अब जातीय विद्वेष फैलाने के षड्यंत्र में अपनी भूमिका पर उठती जांच की आंच से बेचैन कांग्रेसी कानून-व्यवस्था के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहाकर प्रदेश को भरमाने में लगे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेसियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भूपेश सरकार के राज में लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता ही गया था। लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी, खुलेआम हत्या, छेड़खानी, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की वजह से लोग तब हर कदम पर स्वयं को असुक्षित महूसस कर रहे थे। तब पुलिस अपराधियों के सामने घुटने टेकती नजर आ रही थी। कानून-व्यवस्था के मसले को लेकर फिजूल की सियासी नौटंकियों और अनर्गल प्रलाप के बजाय कांग्रेस बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करे।

# टेंडर में गड़बड़ी, निर्माण में लापरवाही, पांच अफसर-कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है।

### इसलिए लेखापाल हुआ सस्पेंड

घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान कराने के लिए लेखापाल जयानंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन सभी अधिकारियों का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## डिप्टी सीएम साव के अनुमोदन पर कार्रवाई, प्रभारी सीएमओ, उप अभियंता, लेखापाल शामिल

### जमीन का सत्यापन नहीं, सड़क बना दी

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।




### प्रभारी सीएमओ पर कार्रवाई

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### दो उपअभियंताओं ने की गड़बड़ी

विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने, निर्माण के दौरान परीक्षण हेतु क्युब नहीं लेने, निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान करने की अनुशंसा के लिए तत्कालीन उप अभियंता प्रदीप पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस साइंस कॉलेज में आज राज्यस्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग करेंगी।

### 35 हजार लोग होंगे शामिल

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षित एवं अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। इसमें राज्य के जन-प्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं पंतजलि योग संस्थान छत्तीसगढ़, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान छत्तीसगढ़, हार्टफुलनेस योग संस्थान छत्तीसगढ़, हास्य योग संस्थान छत्तीसगढ़ के योग साधक सहित लगभग 35 हजार जन सामान्य सम्मिलित होंगे।

**योग दिवस पर संगोष्ठी आजः** योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ सिंधी पंचायत द्वारा 20 जून को योग पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम तेलीबांधा स्थित पंचायत के प्रदेश कार्यालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग गुरु मधु बहादुर सिंह, राकेश दुबे, बरखा अंदानी, प्रद्युम्न यादव मुख्य वक्ता के रुप में शामिल होंगे और योग की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे।

## डॉ. रमन ने की सराहना, कहा- यह सच्ची जनसेवा

# मुख्यमंत्री ने विधायक बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्बुलेंस वाली दीदी के नाम से जनता के बीच लोकप्रिय पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर में उनके द्वारा संचालित 5 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ किया। जनसेवा के प्रति उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें और पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई दी। पिछले 10 वर्षों से समाज सेविका के रूप में भावना बोहरा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनहित के कार्य कर रही हैं।

इन 5 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत के साथ ही उनके द्वारा अब तक 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, 1 निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब और महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज से घर आने-जाने के लिए 3 निः शुल्क बसों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने का जो उद्देश और मार्ग उन्होंने चुना है, वह भाजपा की नीति और संस्कार को प्रदर्शित करता है। आपातकालीन सेवा के लिए उन्होंने जनता की सुविधा के लिए जो संकल्प किया है, उसे पूरा करने के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ सरकार भी प्रदेश की जनता की सेवा, सुविधा और प्रदेश में सुशासन के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। शुभारंभ के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कबीरधाम जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, पंडरिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*यह सच्ची जनसेवा- डॉ. रमन : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भावना बोहरा के जनहित के प्रयासों एवं जनसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, यह सच्ची जनसेवा है। उन्होंने कहा, अपने नाम के अनुरूप जन भावना के साथ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों के साथ ही पार्टी की एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में भी वो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं। जनता के हर सुख-दुःख में साथ रहना और उनकी सुविधाओं के साथ-साथ अपने क्षेत्र का विकास करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है और वे अपने कर्तव्यों को बखूबी निभा रही हैं।*

### राजनीति मेरे लिए जन सेवा का माध्यमः भावना

विधायक भावना बोहरा ने कहा, यह क्षण मेरे लिए बहुत ही भावुक और गौरवान्वित करने वाला है कि जो संकल्प हमने किया था, आज वह प्रत्यक्ष रूप से साकार हुआ। इस निःशुल्क एम्बुलेंस के माध्यम से आप सभी पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को आपातकाल में त्वरित समाधान मिल सके। साथ ही किसी भी विषम परिस्थिति में वे तत्काल अस्पताल पहुंच सकें, इसके साथ ही गर्भवती माताओं-बहनों को गर्भावस्था के दौरान बेहतर सुविधा मिल सके, यही हमारा उद्देश्य है। मैंने हमेशा ही कहा है कि राजनीति मेरे लिए जनसेवा का एक माध्यम है। लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से मैंने जनता के बीच रहकर उनकी जो तकलीफों को देखा, समस्याओं को जाना एवं उनकी आकांक्षाओं को जाना है।

## सरकार की लापरवाही से हाईकोर्ट में पदोन्नति में आरक्षण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण अनुसूचित जाति और जनजाति के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ा है। उच्च न्यायालय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार द्वारा 22 और 30 अक्टूबर 2019 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें प्रमोशन का कोटा निर्धारित किया था।



■ भाजपा नहीं चाहती आरक्षित वर्गों को उनका हक और अधिकार मिले

वर्ग 1 से वर्ग 4 तक के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को 13 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों को 32 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। कुछ लोगों ने इसके विरोध में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाई थी, लेकिन वर्तमान भाजपा की साय सरकार ने इस मामले में आरक्षण के संबंध में सही तथ्य अदालत के सामने नहीं रखे, जिसके कारण अदालत ने कांग्रेस सरकार के समय जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी वंचित वर्गों के आरक्षण की विरोधी है। उसे जब-जब अवसर मिलता है, वह आरक्षण को समाप्त करने का षड़यंत्र करती है।

# मुख्यमंत्री ने किया एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष, राज्य नीति आयोग विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय, नवा रायपुर में आयोजित कैबिनेट की बैठक के बाद सतत विकास लक्ष्य जिला स्तर तक स्थानीयकरण एवं सतत प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार की गई एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023. एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' का विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह द्वारा इस अवसर पर जानकारी दी गई कि राज्य नीति आयोग द्वारा तैयार किये गये ''एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023.'' के 82 इंडिकेटर एवं ''एसडीजी स्टेट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2023'' के 275 इंडिकेटर में प्रगति के आधार पर विभाग एवं जिला कलेक्टर व विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के प्रगति का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं अनुशीलन कर सकेंगे। रिपोर्ट में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबधी इंडिकेटर में प्राप्त प्रगति के आधार पर जिलों को 'स्कोर' व 'रैंकिंग' प्रदाय की गई है। रिपोर्ट अंतर्गत जिलों की प्रगति के डाटा को आई.टी. प्लेटफार्म 'एसडीजी डैशबोर्ड' के माध्यम से भी देखा जा सकता है, जिससे संबंधित विभाग एवं प्रत्येक जिला समय-समय पर तुलनात्मक प्रगति से अवगत होकर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं।

### शामिल हुए मंत्री और अधिकारी

बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा सहित राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सचिव, नीति, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अंकित आनंद, डॉ. नीतू गौरडिया, संयुक्त संचालक, राज्य नीति आयोग भी उपस्थित थे।

## पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी



रायपुर। छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल और छत्तीसगढ़ मित्र द्वारा पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह पर एक दिवसीय बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर को सप्रे सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर ने कहा कि पं. माधव राव सप्रे ने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और साहित्यिक पत्रकारिता की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई और इसका श्रेय पं माधवराव सप्रे को जाता है। उन्होंने कहा कि मराठी भाषी होने के बाद भी वे हिंदी और हिंदी प्रदेश के लिए समर्पित रहे। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय नक्शे पर लाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। अनेक विधाओं के माध्यम से सप्रे जी ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। साहित्यिक पत्रिका समाज को दिशा निर्देश दिया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा, समारोह के अध्यक्ष डॉ सुशील त्रिवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डा चित्तरंजन कर, प्रो अनिल कालेले, पत्रकार रवींद्र ठेंगड़ी, समीर दीवान, डा रामकुमार बेहार, अशोक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के खाली पदों पर भर्ती शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा किशोर न्याय बोर्ड के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के पद कई जिलों में खाली हैं। इन पर भर्ती के लिए राज्य बाल संरक्षण समिति ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

■ 15 जुलाई तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए

■ बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली

बालक कल्याण समित के अध्यक्ष के लिए 6 जिलों में पद खाली हैं। इनमें गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा जिला शामिल हैं। इन सभी जिलों में सदस्य के 4-4 पद भी भरे जाने हैं। इनके अलावा दंतेवाड़ा, कोंडागांव, और महासमुंद में भी चार पद भरे जाने हैं। कुल मिलाकर अध्यक्ष के 7 और सदस्यों के 28 पदों पर भर्ती की जानी है। अध्यक्ष और सदस्यों को मानदेय के रूप में प्रति बैठक दो हजार रुपए दिए जाएंगे।




किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों के पद गौरेला पेंड्रा मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, भरतपुर-मनेंद्रगढ़- चिरमिरी तथा सुकमा तथा रायपुर में खाली है। इन आठ जिलों में कुल 14 सामाजिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जानी है। इन्हें भी प्रति बैठक दो हजार रुपए के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। बालक कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड में महिलाओं के लिए एक-एक पद रखा गया है।

### ये योग्यता होगी आवश्यक

किशोर न्याय बोर्ड के सामाजिक कार्यकर्ता के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 35 साल और 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, या बालक कल्याण के क्रियाकलापों में बालकों के साथ काम करने का कम से कम सात साल का अनुभव होना चाहिए। वे बाल मनोविज्ञान या मनोचिकित्सा या समाज विज्ञान, विधि क्षेत्र में डिग्री प्राप्त व्यावसायरत होने चाहिए। इसी प्रकार बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य के लिए न्यूनतम आयु 35 साल अधिकतम 65 साल होनी चाहिए। इसके साथ ही बाल मनोविज्ञान, मनोचिकित्सा, कानून, सामाजिक कार्य या समाज शास्त्र या मानव स्वास्थ्य, शिक्षा, मानव विकास, दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षा में डिग्री होनी चाहिए। साथ ही बालकों से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा या कल्याण गतिविधियों में सात साल का अनुभव होना चाहिए।

## पेज 13 के शेष

### मरम्मत के लिए ...

सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा जतन योजना के तहत 7 लाख 42 हजार रुपयों की स्वीकृति स्कूल भवन के छत मरम्मत के लिए जारी किया गया था, इसके बाद उक्त कार्य के लिए ठेकेदार को वर्क ऑर्डर मार्च 2023 में दिया गया और कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह की थी, लेकिन संबंधित ठेकेदार ने स्कूल भवन के छत को तोड़ने में तो स्फूर्ति दिखाई, लेकिन कार्य पूर्ण करने में कोई रुचि नहीं दिखाई, जिसका नतीजा है कि मरम्मत के नाम पर सालभर पहले तोड़ा गया स्कूल भवन का छत अभी भी आधा अधूरा है।

### ब्लॉक स्तर पर...

व्यक्ति श्याम सुंदर कैवर्त्य, शान्ति साहू, संतोष कैवर्त्य इन सभी के प्रशिक्षण कौशल ने प्रशिक्षण सफल बनाया। इसी कड़ी में डायट रायपुर एफएलएन प्रभारी बलौदाबाजार लेख राम वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय जिला मिशन समन्वयक एमएल ब्रह्मणी एवं पेडागोजी प्रभारी जहीर अब्बास बलौदाबाजार भाटापारा का विशेष योगदान रहा ।एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण बिंदुओं से प्रारंभ हुआ। अब हमारी शिक्षा प्रणाली 5+3+3+4 पैटर्न पर आधारित होगी। नई शिक्षा नीति बच्चों को रटने रटाने की पद्धति से अलग खेल खेल में शिक्षा कैसे प्राप्त करें, व्यवसायिक शिक्षा, भय मुक्त वातावरण, गतिविधि आधारित शिक्षण, पढ़ने के बजाय पढ़ना को कैसे पढ़ते हैं। इस पर अधिक जोर दिया गया है। इसके बाद एनसीएफ एफएस 2022 पर चर्चा परिचर्चा हुई जो फाउंडेशन स्टेज है इसमें बच्चे के स्कूल की भाषा से अधिक घर की भाषा पर विशेष ध्यान दिया गया है। क्योंकि बच्चें घर की भाषा से परिचित होते हैं। इसके बाद भाषा शिक्षण पर चर्चा परिचर्चा शुरू हुआ जिसमे भाषा शिक्षण के चार कौशल मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन पर विस्तार से चर्चा हुई। तत्पश्चात अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका, पाठ्य पुस्तक पर विशेष कार्य किया गया।दूसरा दिन गणित शिक्षण के चारो कौशल जिसके मौखिक गणित, कौशल शिक्षण, कौशल अभ्यास, गणित खेल के बारे में चर्चा परिचर्चा हुई। गणित के अभ्यास पुस्तिका में काम कैसे करें इस पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

अब कक्षा शिक्षण योजना 4+1+1 पैटर्न पर होगा अर्थात पहले चार दिन कोई भी एक पाठ के मुख्य दक्षता पर बातचीत, उसके बाद पुनरावृति/ उपचारात्मक शिक्षण और उनके बाद आंकलन करना है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरसी कार्यालय के गोरेलाल साहू, खगेंद्र जायसवाल, सविता चाम्भारे, अनूप साहू, सत्यप्रकाश साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव, चंद्रशेखर तिवारी, मटिया समन्वयक देवराम साहू, पूरेना सर, पारस वर्मा एवं नवागांव से प्रभारी प्राचार्य पुरुषोत्तम डडसेना, अरविंद मांझी, नंदकुमार ठाकुर सभी का सहयोग अविस्मरणीय रहा। इस तरह एससीईआरटी रायपुर छत्तीसगढ़ का एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सहकारी समिति के...

के बावजूद किसी खाद्य विभाग द्वारा किसी प्रकार कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि बरसात आते ही किसान कृषि सहकारी समिति में जाकर धान बीज और कृषि दवाई लेने समिति के कमजोर भवन में आ रहे हैं समिति द्वारा भवन को लेकर नोटिस दिसए जाने के बाद भी खाली नहीं किया जा रहा है। इसकी शिकायत व सूचना समिति द्वारा विधायक अनुज शर्मा व एसडीएम राजस्व तिल्दा, खाद निरीक्षक जिला रायपुर व शाखा प्रबंधक खरोरा से की गई है।

### साईं मंदिर के ...

पड़ने क कारण विशेष हनुमान चालीसा पाठ पाठ कराया गया जिसे कारण बस स्टैंड का माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा।

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / तह. / वा. / 24
सिमगा, दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क्र. ............ / ब / 121 23-2024
ग्राम- बनसांकरा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति नारेवाल पति राजबीर नारेवाल निवासी हालमुकाम ग्राम दीपका जिला कोरबा कास्तकार ग्राम बनसांकरा प.ह.नं. 13 तहसील सिमगा स्थित कृषि भूमि ख.नं. 6, 11, 25, 49 रकबा क्र. 0.390, 0.780, 0.100, 0.140 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 1.410 हे. भूमि समस्त राजस्व अभिलेख मे आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के खाते का ऋण पुस्तिका हरिभूमि प्रेस बिलासपुर मे कही गुम हो चुकी है जिसे काफी खोजबीन करने के पश्चात भी प्राप्त नही हुआ है जिसकी सूचना सिविल लाईन थाना बिलासपुर थाना मे दिनांक 21/02/2024 को दर्ज की गई है। आवेदिका के पास उक्त आवेदित भूमि का किसान किताब नही होने से कृषि कार्यो में परेशानी होती है इसलिए आवेदिका को ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के बी-1, खसरा, शपथ पत्र नो ड्यूज प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है ।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/07/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / तह. / वा. / 24
सिमगा, दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क्र. ............ / ब / 121 23-2024
ग्राम- तेंदूभाठा प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति नारेवाल पति राजबीर नारेवाल निवासी हालमुकाम ग्राम दीपका जिला कोरवा कास्तकार ग्राम तेंदूभाठा प.ह.नं. 14 तहसील सिमगा स्थित कृषि भूमि ख.नं. 433 रकबा 1.100 हे. भूमि समस्त राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के खाते का ऋण पुस्तिका हरिभूमि प्रेस बिलासपुर मे कही गुम हो चुकी है जिसे काफी खोजबीन करने के पश्चात भी प्राप्त नही हुआ है जिसकी सूचना सिविल लाईन थाना बिलासपुर थाना मे दिनांक 21/02/2024 को दर्ज की गई है। आवेदिका के पास उक्त आवेदित भूमि का किसान किताब नही होने से कृषि कार्यो मे परेशानी होती है इसलिए आवेदिका को ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के बी-1, खसरा, शपथ पत्र नो ड्यूज प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/07/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / तह. / वा. / 24
सिमगा, दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क्र. ............ / ब / 121 23-2024
ग्राम- मांढर प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ज्योति नारेवाल पति राजबीर नारेवाल निवासी हालमुकाम ग्राम दीपका जिला कोरबा कास्तकार ग्राम मांढर ब. प.ह.नं. 13 तहसील सिमगा स्थित कृषि भूमि ख.नं. 61 रकबा 0.980 हे. भूमि समस्त राजस्व अभिलेख मे आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के खाते का ऋण पुस्तिका हरिभूमि प्रेस बिलासपुर मे कही गुम हो चुकी है जिसे काफी खोजबीन करने के पश्चात भी प्राप्त नही हुआ है जिसकी सूचना सिविल लाईन थाना बिलासपुर थाना मे दिनांक 21/02/2024 को दर्ज की गई है। आवेदिका के पास उक्त आवेदित भूमि का किसान किताब नही होने से कृषि कार्यो मे परेशानी होती है इसलिए आवेदिका को ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के बी-1, खसरा, शपथ पत्र नो ड्यूज प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/07/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सिमगा






## खबर संक्षेप

### किशोरी से रेप, उम्र कैद

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से रेप के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक यास्मिन बेगम के मुताबिक किशोरी से रेप के आरोप में कोर्ट ने ईश्वर यादव को कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने किशोरी के पुनर्वास के लिए शासन से आठ लाख रुपए देने की अनुशंसा की है। परिजनों को रेप की जानकारी किशोरी के गर्भवती होने के बाद मिली।

### बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर बोर गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बोर गाड़ी से कुचले जाने से चित्र कुमार की मौत हुई है। चित्र कुमार अपने साला तथा साढ़ू के साथ एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने धनेली जा रहे थे। टेकारी मोड़ के पास टीएन 34 टी 2238 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। बोर गाड़ी की ठोकर लगने से चित्र कुमार बाइक से गिर गया और उसकी बोर गाड़ी के पहिया से कुचलकर मौत हो गई।

### मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पेशे से एक ड्राइवर ने अपने साथी के खिलाफ मामूली कहासुनी में चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बोरियाखुर्द निवासी सौमिल केशरवानी ने मूलतः धमतरी निवासी दिपांशू के खिलाफ चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिपांशू ने पुलिस को बताया है कि किसी बात को लेकर दिपांशू के साथ बहस होने पर दिपांशू ने उससे समझौता करने के बाद पान ठेला में सिगरेट पीने के बहाने बुलाकर चाकू से गर्दन, पेट तथा सीना पर प्राणगातक हमला कर घायल कर दिया।

### बसना थाना क्षेत्र में चोरों ने की दो बाइक की चोरी

**महासमुंद।** बसना थाने में बाइक चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गए हैं। ग्राम खेमड़ा निवासी शिवकुमार बंजारा ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल हीरो एच एफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीएच 0170 कीमत 40 हजार रुपए में वह 29 मई 2024 को रात्रि अपने निजी काम से शराब दुकान बसना गढ़पटनी रोड गया था, और मोटर सायकल को शराब दुकान के मेन गेट के सामने खडा कर अंदर गया। इसके थोड़ी देर बाद बाहर निकला तो देखा कि उसका मोटर सायकल वहां नहीं थी, कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था।

# अडानी पावर प्लांट के समर्थन और विरोध में ग्रामीण लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के समीप अदानी एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की ग्राम पंचायत ताराशिव में प्रस्तावित लोक सुनवाई के पक्ष में ग्रामीण व पंच और सरपंच लामबंद हुए। वहीं अपने आपको कद्दावर नेता समझने वाले अब कम्पनी द्वारा उन पर ध्यान नहीं देने व पूछ परख नहीं होने के चलते नाराज चल रहे हैं, जिसके चलते वे दिनभर जन सुनवाई का विरोध प्रदर्शन करने सड़क पर उतरने का दबाव ग्रामीणों पर बनाते नजर आये।

बता दें कि अदानी पावर प्लांट अपने 2600 मेगावाट का विस्तार कर 1600 मेगावाट अतरिक्त प्लांट स्थापित कर रहा है। इन सबके बीच कम्पनी प्रबंधन अपने आप को ग्रामीणों को समझाने में मिली सफलता से उत्साहित नजर आ रहा है। खरोरा के समीप ग्राम रायखेड़ा में अदानी एनर्जी पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पवार कम्पनी का विस्तार करते हुए अतरिक्त पावर प्लांट स्थापित कर रहा है, जिसे लेकर ग्राम ताराशिव में प्रस्तावित जन सुनवाई का आयोजन रखा गया है। तिल्दा सरपंच संघ के अध्यक्ष मिथिलेश साहू ने कहा कि अदानी कम्पनी की जन सुनवाई का समर्थन करते हैं चूंकि कम्पनी के कार्य क्षेत्र में ही कम्पनी का विस्तार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं कम्पनी प्रबंधन को स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी।

## लगभग 30 गांवों के पंच-सरपंच ने प्लांट स्थापित करने का दिया समर्थन



### स्थानीय बेरोजगार को रोजगार मिलेगा

जनसुनवाई के पक्ष में जहां कम्पनी के सटे तिल्दा विकासखंड के अन्तर्गत 25 से 30 पंचायत के पंच, सरपंच व ग्रामवासी लामबंद होकर एक सुर में कंपनी के लग जाने का समर्थन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब से अदानी पावर कम्पनी क्षेत्र में विस्थापित हुई है, तब से क्षेत्र का विकास हो रहा है। स्थानीय बेरोजगार को रोजगार मिल रहा है। वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य बुनियाद शिक्षा व ग्रामों के विकास में अहम भूमिका कम्पनी प्रबंधन निभा रही है। कम्पनी प्रबंधन जनसुनवाई के विरोध प्रदर्शन के सवाल पर ग्रामीणों ने एक सुर में कहा क्षेत्र के नेता आज तक हमारे सुख दुख में शामिल नहीं हुए और आज हितैषी बन जन सुनवाई का विरोध प्रदर्शन करने सड़क पर उतर रहे है। सच्चाई तो यह है कि प्रबंधन पर लेन देन का दबाव बनाने और अपनी बात मनवाने का यह सब मामला है। सब जानते हैं इन नेताओं का काम कुछ और बंया कर रहा है।

## समस्या : ठेकेदार की मनमानी का खमियाजा भुगतेंगे छात्र

# मरम्मत के लिए सालभर पहले तोड़ी गई स्कूल भवन की छत, अब तक है अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ में नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होने वाला हैं और शिक्षा विभाग इन दिनों शाला प्रवेश उत्सव मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है, लेकिन कसडोल विकासखंड के वनांचल के स्कूल शासकीय उच्च प्राथमिक शाला फुरफुंदी में स्कूल छत नहीं होने की वजह से इस स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के सामने पढ़ाई को लेकर बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। आपको बता दें कि शासकीय उच्च प्राथमिक शाला फुरफुंदी में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं संचालित होती है और इस स्कूल भवन का छत काफी जर्जर हो चुका था, जिसे साल भर पहले मरम्मत के नाम पर ठेकेदार द्वारा तोड़ा गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए इसे ज्यों का त्यों छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि स्कूल की जर्जर हालत को देखते तत्कालीन ▶▶ शेष पेज 12 पर

### शासकीय उच्च प्राथमिक शाला फुरफुंदी में छत नहीं







### ठेकेदार से काम कराने में फूला विभाग का हाथ पैर

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला फुरफुंदी में स्कूल भवन के छत निर्माण की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की थी और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में कार्य संपन्न होना था, लेकिन संबंधित विभाग ठेकेदार के ऊपर नकेल कसने और कार्य कराने में पूरी तरह से असफल रहा। जिसकी वजह स्कूल कार्य 1 साल अटका पड़ा हुआ है,शिक्षा विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की कुंभकर्ण निद्रा का खमियाजा नौनिहालों को भुगतना पड़ेगा जिससे ये सवाल पैदा होता है कि ऐसे पढ़ेगा इंडिया तो कैसे आगे बढ़ेगा इंडिया।

#### मैं छुट्टी में हूं

मैं अभी 21 जून तक छुट्टी में हूं तो अभी कुछ नहीं कह सकता, बाकी अगर आपको ज्यादा जानकारी चाहिए तो आप ईई साहब से पूछ सकते हैं।
प्रदीप तिवारी, एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

#### उच्च कार्यालय से ले जानकारी

मैं अभी बलौदाबाजार में हूं और कुछ भी कहने के लिए अधिकृत नहीं हूं, अगर आपको कुछ भी जानकारी चाहिए तो आप उच्च कार्यालय बलौदाबाजार से ले सकते हैं।
-रमाकांत देवांगन, बीईओ, कसडोल

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिया एफएलएन प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- 794 शिक्षक शिक्षिकाओं ने लिया भाग, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

विकासखंड कसडोल जोन के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ इंग्लिश मिडियम के सभागार में राज्य और राष्ट्र गीत गाकर प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर के देवांगन, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक अरविन्द कुमार ध्रुव, सेजेस प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा एवं लेखापाल आर डी पटेल उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात तीनों जोन का शुभारंभ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा वर्चुवल तरीके से किया गया। उन्होंने सभी शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में विशेष ध्यान देने की बात कही।

विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य स्तरीय स्त्रोत व्यक्ति योगेश्वर कुमार साहू, कसडोल जोन के जिला स्तरीय स्त्रोत व्यक्ति खिलावन पैकरा, गजेंद्र कैवर्त, जगन्नाथ देवांगन, शकुंतला साहू, कोटियाडीह जोन से जिला स्तरीय स्त्रोत व्यक्ति महादेव जायसवाल, तुलसी साहू, द्वारिका देवांगन, उदित नारायण पैकरा एवं नवागांव जोन से जिला स्तरीय स्त्रोत ▶▶ शेष पेज 12 पर

# साईं मंदिर वार्षिक उत्सव पर महाप्रसाद का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

ग्राम पंचायत कटगी के बस स्टैंड में साईं मंदिर के 14वां स्थापना दिवस महा–प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं, राहगीरों तथा दुकानदारों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। बड़ी मात्रा में श्रद्धालुगण प्रसाद ग्रहण करते दिखे। बता दें कि प्रत्येक गुरुवार को साईं भगवान के वार के दिन प्रसाद का वितरण किया जाता है तथा हर साल स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी साईं मंदिर के वर्षगांठ पर महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर में चहल पहल दिन भर बनी रही। श्रद्धालु साईं भगवान की पूजा पाठ करने पहुंचते रहे। शाम में पाठ व भजन–कीर्तन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस वर्ष वार्षिकोत्स मंगलवार को ▶▶ शेष पेज 12 पर

## गिधौरी क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश...



**गिधौरी।** अंचल में मौसम ने अचानक शुक्रवार शाम को करवट बदला और एकाएक बिजली की चमक, गड़गड़ाहट और तूफान के साथ जोरदार मुसलाधार बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस बारिश से किसान अब खेती किसानी धान बोआई का कार्य शुरू कर सकेंगे। शाम हुई मुसलाधार बारिश से खेत खलिहान, सड़क लबालब हो गई। पहली बारिश से जगह–जगह सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे कुछ घंटों के लिए आवागमन बाधित रहा।

# सहकारी समिति के भवन में राशन दुकान, एसडीएम से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में ग्रामीण सहकारी कृषि समिति का भवन पूरी तरह कमजोर हो चुका है। बीते दिनों हुई बारिश से समिति भवन की सीलिंग टूट-टूट कर गिर रही है। वहीं तीन साल पूर्व बना नवीन भवन में समिति कर्मी जाना चाह रहे हैं, पर वहां स्व सहायता समूह राशन खाद उपभोक्ता की दुकान चला रही है, जिसे खाली नहीं किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी की अनुसार ग्रामीण सहकारी समिति के भक्न का वर्षों से उपयोग करने के बाद भी न किसी प्रकर कोई किराया दिया जा रहा है और न ही नोटिस के बाद उक्त भवन को खाली किया जा रहा है। किसान व समिति कर्मियों हो जान की खतरा होने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## दुर्ग में हुई 24वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता

# खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण, 9 रजत और 12 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

24वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिला के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 9 रजत और 12 कांस्य पदक जीत कर ओवरऑल सेकंड रनर अप बना।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में दुर्ग जिला जूडो संघ द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर जूडो प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ 16 जून को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने किया। इस प्रतियोगिता में जिला जुडो संघ बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन दिवस सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला जुडो संघ बलौदाबाजार के खिलाड़ी स्वर्ण पदक, दामिन निषाद संदीप रात्रे, धनंजय निषाद, तरुण धुर्वे, मिताली सिंह ध्रुव, अपूर्व सोनी, रजत पदक पी. रजनीश, मनस्वी गिरी, विभा देवांगन, भारत तिवारी, नेहा साहू, अंजली ठाकुर, दीपक यादव कास्य अन्नपूर्णा देवांगन, रोशन ध्रुव, रुपेश वर्मा, पी.अभिषेक, चंचल वर्मा, कोमल दास, खुशबू साहू, ज्योति ध्रुव, चंचल साहू, प्राची बांसोड़, दासु नारंग ने कुल 27 पदक प्राप्त किये। इस अवसर पर बधाई देते हुए मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभु राम सोनी, अंतराष्ट्रीय रेफेरी पी. किशोर, शेख शरीफ, किरन शर्मा, जिला हपकीड़ो संघ के संरक्षक कैलाश बलानी, जिला हपकीड़ो के अध्यक्ष रंजीत दवानी, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास आडील, परमानन्द सचदेव, मुरलीधर राव, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीतांबर साहू, जिला जूडो संघ के सचिव पी. किरन, जिला जूडो संघ के सहसचिव अभय केसरवानी, जिला जूडो संघ के सदस्य राहुल शर्मा, जिला जूडो संघ के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय जुडो संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, सीनियर खिलाड़ी युवराज साहू, कुमेश साहू, बलराम यादव ने इन खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उपरोक्त जानकारी जिला जुडो संघ के कोच यशवंत ध्रुव ने दी।




### कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई



**भाटापारा।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने कलेक्टर दीपक सोनी ने भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलमीडी निवासी आदतन अपराधी दीपक टंडन को जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला बदर का आदेश पारित किया। उक्त कार्रवा छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिला व समीपवर्ती 6अन्य जिलों से 1 वर्ष की काल अवधि तक किया जिला बदर।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई, यूथ व महिला कांग्रेस घेरेगी गृहमंत्री निवास

**रायपुर।** एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और महिला कांग्रेस द्वारा गुरुवार को गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव किया जाएगा। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी, लगातार बढ़ते अपराधिक मामलों वा लचर व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह घेराव किया जा रहा है। दोपहर एक बजे जिला कांग्रेस भवन, गांधी मैदान से इसकी शुरुआत होगी।

### धान का सर्मथन मूल्य सिर्फ 2300 रुपए करना किसानों के साथ विश्वासघात

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, केन्द्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, जो कि किसानों की भावनाओं के साथ कुठाराघात है। किसानों से वोट लेते समय आमदनी दोगुना करने की बात करते हैं, वहीं जब धान का मूल्य निर्धारण करते समय मात्र 117 रुपये की वृद्धि करते हैं। राज्य में 3100 रुपया क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। आज समर्थन मूल्य उसी के अनुसार दे देते, तो किसानों के साथ न्याय हो पाता। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के किसान के लिए यह घोर निराशा का विषय है। भूपेश बघेल सरकार द्वारा दिये गए धान के मूल्य से काफी कम है। किसानों के साथ केन्द्र की मोदी सरकार छलावा कर रही है। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करेंगे कहकर सत्तासीन हुए थे। 10 वर्ष के बाद भी किसानों के प्रति सोच नहीं बदली।

## निधन

### रामाधार मिश्रा



बलौदाबाजार। ग्राम सीतापर निवासी उजैन प्रसाद मिश्रा के पुत्र रामाधार मिश्रा का निधन हो गया है। वे मुरली व नरेन्द्र मिश्रा के पिता थे। उनका दशगात्र शुक्रवार को होगा।

# निपानिया में कॉलेज भवन निर्माण के लिए 4.65 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपए की मंजूरी मिली है। शिवरतन शर्मा की पहल पर विधानसभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बड़ी सौगात दी है।

विधानसभा के मोपका-निपानिया क्षेत्र में छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। दरअसल ग्राम मोपका में पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार के कार्यकाल में घोषित महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपए की मंजूरी उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से मिल गई है। इससे क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के दरवाजे खुल सकते हैं।

मोपका निपनिया के लोग लंबे समय से इस महाविद्यालय की मांग कर रहे थे, जिसे शिवरतन शर्मा द्वारा भाजपा कार्यकाल में स्वीकृत करवा लिया गया था,परन्तु सरकार बदलने के उपरांत महाविद्यालय भवन निर्माण का कार्य स्वीकृत नहीं हो पाया। प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनते ही 5 माह के भीतर ही भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। अब शीघ्र ही भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ कर लिया जाएगा।

## क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के दरवाजे खुला

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष की पहल पर मिली मंजूरी

लोगों की मांग थी कि क्षेत्र में बच्चो के लिए बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से एक अलग महाविद्यालय निपानिया के आस पास होना चाहिए। इस मांग को पूरा करते हुए साल 2017-18 में तत्कालीन भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने महाविद्यालय की स्थापना की स्वकृति दिलाई थी।विदित हो कि शिक्षा, परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए शिवरतन शर्मा द्वारा लगातार प्रयास कर क्षेत्र में कार्य कराए गए हैं, चाहे प्रदेश का प्रथम विधि महाविद्यालय हो या फिर आईटीआई, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हो, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों का उन्नयन हो या फिर भवन निर्माण कार्य हो, पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा कर सुव्यवस्थित आवागमन उनके कार्यकाल में हो पाया है।



### छात्रों ने शिवरतन के प्रति जताया आभार

उक्त स्वीकृति के लिए क्षेत्रवासियों सहित छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अनदेखी

# सालभर से सस्पेंड कर्मचारी बहाली के लिए बहा रहा पसीना

### अधिकारी बना रहे बहाना, पहले आचार संहिता का दिया हलवाला

## दफ्तर का चक्कर काटने मजबूर है कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जब उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों को निलंबित किया जाता है, तब अधिकारी को अपने समयानुसार बहाल कर दिया जाता है, लेकिन जब यही हाल विभाग के सबसे कमजोर और छोटे पदों के कर्मचारी के साथ होता है, तब उसे महीनों अधिकारी चक्कर लगवाते हैं। और विभाग के तमाम जिम्मेदार आंखों में पट्टी बांधकर केंवल जांच और आश्वासन का हवाला देते हैं। आपको बता दें कि हरिभूमि ने 3 माह पहले पूरे मामले को प्रमुखता से उठाया था और जिसके बाद जिम्मेदारों ने आचार संहिता खत्म होने के बाद सस्पेंड भृत्य कर्मचारी को बहाली करने की बात कही गई थी, लेकिन आचार संहिता खत्म होने के बाद भी उक्त कर्मचारी के अच्छे दिन नहीं आ सके हैं। गौरतलब है कि निलंबन अवधि के दौरान ही उक्त कर्मचारी अपनी पुत्री का विवाह किया था, जिसमें बैंकों से लोन लेकर विवाह संपन्न हुआ था, लेकिन अब शिक्षा विभाग का यह कर्मचारी लोन से दबे होने के साथ कर्ज में डूबा हुआ है। जिससे कर्मचारी की कमर टूट चुकी है। इधर उक्त कर्मचारी लगातार विभाग के चक्कर काटने मजबूर है।



9 माह से सस्पेंड कर्मचारी लगा रहा न्याय की गुहार



### यह था मामला

विकासखंड कसडोल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी में भृत्य के पद पर पदस्थ रहे शंकर लाल यादव ने जबरजस्ती मुद्दा बनाकर निलंबित करने का आरोप लगाया था। निलंबित शंकर लाल यादव ने बताया कि बीते पिछले वर्ष 14 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूचना मिली कि कटगी स्कूल के प्राचार्य से दुर्व्यवहार किये जाने एवं कर्तव्य में लापरवाही बरते जाने के कारण प्राचार्य के प्रतिवेदन पर कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कसडोल में व्यवस्था की गई थी, लेकिन कार्यव्यहार में कोई सुधार नहीं होने के कारण शाला में शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने का लेख करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुऐ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है। पीड़ित कर्मचारी ने कहा मैं छोटा कर्मचारी होने के कारण मुझे केवल घुमाया जा रहा है, जबकि इतने समय तक विकासखंड कसडोल में किसी भी भृत्य को निलंबित नहीं किया गया है। इधर जांच किए अधिकारी एबीईओ अरविंद ध्रुव ने मार्च में मीडिया से कहा था कि जांच अधिकारी मुझे बनाया गया था पूरी रिपोर्ट मैंने 20 फरवरी 2024 को डीईओ को सौंप दिया है। जिसकी पावती भी मौजूद है, अब आगे की कार्रवाई डीईओ करेंगे। हालांकि जांच अधिकारी ने भी कहा कि जांच में जो आरोप लगाया गया है, उसकी पुष्टि नहीं हुई है। इधर यादव ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व जब डीईओ कार्यालय में जांच प्रतिवेदन देने के बाद बहाली की बात की तो डीईओ कार्यालय में मौजूद कर्मचारी द्वारा रिपोर्ट नहीं देने की बात कही गई। जबकि अब श्री यादव के पास जांच रिपोर्ट सौंपने की पावती भी मौजूद है, अब देखना होगा कि श्री यादव को न्याय कब मिलता है।

### डीईओ करेंगे बहाली

जांच रिपोर्ट एबीईओ द्वारा फरवरी में डीईओ कार्यालय में दे दी गई है। बहाली की कार्रवाई डीईओ करेंगे। श्री यादव कार्यालय आते हैं, समस्या तो हैं उनके साथ।

**-रमाकांत देवांगन,** बीईओ, कसडोल

### मैं दिखवा लेता हूं

आचार संहिता के कारण बहाली की कार्रवाई नहीं हो सकी थी मैं दिखवा लेता हूं।

**-हिमांशु भारती,** डीईओ, बलौदाबाजार


### छोटे कर्मचारी को परेशान न करें

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, विभाग के छोटे कर्मचारी को परेशान नहीं करना चाहिए। मैं डीईओ से बहाली की कार्रवाई के लिए कहता हूं।

**-संदीप साहू,** विधायक, कसडोल

# फर्जी आवाज निकाल ठगी का मामला बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रदेश आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से नई ऊंचाई की ओर आगे बढ़ रहा है। साथ ही साथ आधुनिक आविष्कारों से ठगी की नई विधा जो देश में अपना पैर पसार चुकी है, उसका नाम है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक। इस ठगी में ऐसे परिवार जिनके रिश्तेदार, जितने भी बाहर में निवास कर रहे हैं या पढ़ रहे या अन्य कोई रोजगार या किसी कारणवश अपने पारिवारिक सदस्य से दूर है। वही लोगों इस तरह की ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस एआई आधुनिक तकनीक से अपराधी जिसे भी फोन लगाते हैं अनके परिचित का आवाज उनको सुनाते हैं या इसमें परिचित की आवाज में ही फोन आए की मैं मुसीबत में हूं। जिसमें वह आर्थिक मदद की मांग करें कि मैं हॉस्पिटल में हूं या किसी आपतकालीन के कारण मुझे पैसे की जरूरत पड़ रही है।

■ जिले में पांव पसार रहे लोग

मेरा फोन और गूगल या फोन पे बंद है, इमरजेंसी में कोई नए नंबर पर पैसे ट्रांसफर कर दो। जब कोई ऐसा फोन आए तो, फोन करने वाला कितना ही जल्दी करने के लिए बोले, आम नागरिकों को सतर्क होकर किसी भी तरह जानने की कोशिश करे की जो आवाज से बात हुई, वह व्यक्ति किस स्थान पर है और वह सुरक्षित है कि नहीं। जब कोई व्यक्ति ऐसा सतर्क होकर एक फोन पर अपराधी से बात करते हुए, इशारे या लिखकर अपने घर–परिवार, दोस्त व पड़ोसी से सहयोग कर यह कार्य करेंगे वो ठगी से बच जाएंगे।

### कस्टमर केयर, हेल्पलाइन पर भी ठगी

नये-नये आविष्कार व आधुनिक तकनीकी से हर कदम पर ठगी का जाल फैला हुआ है। जैसे किसी भी कस्टमर केयर के नंबर पर डायल करने पर किसी हेल्पलाइन नंबर पर आम नागरिकों को ऐसे किसी भी कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने से पहले कंफर्म कर लेना चाहिए कि वह नंबर सही है या नहीं ठीक इसी प्रकार अभी परीक्षा का दौर खत्म हुआ है। ऐसे में कई प्रकार के ठग छात्र–छात्रओं और उनके अभिभावकों को फोन कर रहे हैं।

# नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े पहुंचीं कसडोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जांजगीर-चाम्पा लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद कमलेश जांगड़े विजयी होने के बाद पहली बार कसडोल नगर पहुंचीं, जहां मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यालय कसडोल में सांसद ने मतदाताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा ही कसडोल मंडल से भाजपा की शानदार जीत हुई है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता की ऋणी रहेंगी। साथ ही कसडोल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वो हरसम्भव प्रयास करेंगे और इस क्षेत्र की आवाज को दिल्ली तक लेकर जाएंगी।

इस दौरान लोकसभा चुनाव के प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में भी लोकसभा जांजगीर के 8 विधानसभा में कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद बूथ स्तर तक मेहनत कर भाजपा को जिताया, जिस तरह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 4 माह के भीतर ही मोदी की गारंटी को लागू किया, जिसके कारण जानता में मोदी सरकार के प्रति उत्साह था। इस कारण जांजगीर चाम्पा लोकसभा में पुनः कमल खिला है।

# निर्माण कार्यों की गुणवता की जांच कर लें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गत दिवस जिला प्रशासन द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बिहान, स्वसहायता समूह आदि के कार्यों की प्रगति के संबंध में सभी अधिकारियों–कर्मचारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि नदी–नाला में बंधान जैसे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता में किया जाना है। साथ ही पौधारोपण का कार्य भी शीघ्र करना है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के रोजगार सहायक और सचिवों को निर्देशित किया है कि किसी भी हितग्राही के पास स्थान नहीं है घर बनाने के लिए तो उसका आवास स्वीकृति के लिए प्रक्रिया में नहीं रखे। यदि प्रक्रिया में रखा जाता है तो हितग्राही के पास स्थान नहीं होने के कारण शासन का पहला किश्त हितग्राही के खाते में जाता है और वह घर नहीं बनाता फिर वसूली कार्यवाही करना होगा। ऐसे में हितग्राही और शासन दोनों का समय और कार्य बढ़ जाता है। ऐसे में हितग्राही के पास स्थान होने पर ही आवास स्वीकृत करें। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि किसी हितग्राही को स्थान नहीं की फर्जी जानकारी शासन को देकर कोई पंचायतकर्मी हितग्राही का काम रोक दे। उन्होंने जांच अधिकारियों को कहा कि निर्माण संबंधी कार्यों में गुणवत्ता की जांच कर लें। ऐसा न हो कि भवन के निर्माण के बाद भवन के सामने में गड्ढा हो। साथ ही खिड़की दरवाजा का कब्जा जाम न हो, आसानी से खुलें। इसी प्रकार सीमेंट की सफाई किए बिना ठेकेदारों को पेंटिंग नहीं करना चाहिए। सीमेंट साफ किए नहीं रहते और पेंटिंग कर देते हैं तो उसके कार्य में क्वालिटी की कमी है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील जोल्हे उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई डॉ. शिवकुमार और डॉ. नीरामणी की नियति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विगत दिनों भारतीय संविधान पुस्तक विमोचन व सम्मान समारोह का आयोजन हिन्दी भवन नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इसमें पद्मश्री डॉ. श्याम सिंह शशि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गृह मंत्रालय, डॉ. सुरेश सिंह पूर्व न्यायाधीश, डॉ. संतोष खन्ना वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. रामसिंह, डॉ. शकुन्तला कालरा कवि एवं पत्रकार चेतन आनंद, आजतक के पंकज शर्मा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के भारत प्रमुख आलोक कुमार की उपस्थिति में विश्व के प्रथम छंद बद्ध भारतीय संविधान पुस्तक विमोचन में डॉ. शिवकुमार श्रीवास शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोसमसरा क एवं शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कसडोल में पदस्थ शिक्षिका डॉ. नीरामणी श्रीवास नियति को छंद बद्ध संविधान पुस्तक में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 37 से 38 तक एवं अनुच्छेद 115 से 117 पर रोला, दोहा छंद में काव्य सृजन सहयोग हेतु प्रतिक चिन्ह, प्रमाण पत्र प्रदान कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इस पुस्तक में विश्व के प्रथम छंद बद्ध संविधान में 395 अनुच्छेद 22 भागों में विभाजित 12 अनुसुचियां जो 2110 दोहे 422 रोला 26 अन्य छंद बद्ध कालजयी काव्य ग्रंथ समाहित हैं। इसमें डॉ. इंद्राणी साहू सांची, डॉ. माधुरी डडसेना मुदिता, डॉ. रामनाथ ननकी सहित 18 राज्यों सहित चार अन्य देशों के साहित्यकार शामिल हुए इस काव्य में 142 साहित्यकार सदस्य त्रयसंम्पादक मंडल जिसमें प्रमुख संपादक डॉ ओंकार साहू मृदुल, सह संपादक डॉ सपना दत्ता सुहानी सह संपादक डॉ मधुशंखधर स्वतंत्र जनजागरण समिति प्रेमनगर के अध्यक्ष डॉ रुपेश कुमार साहू का अथक प्रयास से यह छंद बद्ध भारतीय संविधान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हैं।

डॉ. शिवकुमार श्रीवास एवं डॉ. नीरामणी श्रीवास नियति द्वारा लिखी पुस्तक भावांजली ज्ञानांजलि साझा संकलन - छत्तीसगढ़ दर्शन गोल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत को जाने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मेरी बिलासा यात्रा दोहा संग्रह कृष्ण लीला गोल्डन बुक आंफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारतीय संविधान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। माता कौशिल्या मदारी कहानी संग्रह, लिखी गई है।

### इन्होंने जताया हर्ष

डॉ. शिवकुमार श्रीवास को शिक्षक रत्न, डॉ. राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री सम्मान ,मानव संसाधन विभाग नई दिल्ली से नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान राज्यपाल सम्मान व शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किये जा चुके हैं।अभी भारतीय संविधान पर लिखित रचना को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने और सम्मानित होने पर जिलाधिकारी आदरणीय हिमांशु भारती सहायक संचालक केके गुप्ता, य बीआर.पटेल मरावी सर सहायक संघालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, साहेब लाल साहू, भानू प्रताप साहू, नरेंद्र देवदास, मनोज साहू डॉ. गन्नूराम यादव, संकुल समन्वय योगेन्द्र जायसवाल आदि ने हर्ष जताया।

## कलेक्टर ने विकास कार्यों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में की

# माह में दो बार लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



कलेक्टर ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। आयुष्मान, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग (ई–केवायसी), सिकलसेल, कुष्ठरोग, खाद बीज वितरण, नगरीय निकायों में परिसीमन सहित लंबित प्रकरणों का समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा जिले के वंचित नागरिक जिन्होंने आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है, वे नजदीकी च्वाईस सेंटर, अस्पताल जहां आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है, वहां जाकर अपना आयुष्मान कार्ड शीघ्र बना लें। कलेक्टर साहू को कृषि अधिकारी ने बैठक में जानकारी दी कि किसानों के ई–केवायसी 99 प्रतिशत हो चुकी है, जिसमें 71 हजार 540 किसानों में से 70 हजार 886 किसानों का केवायसी हो चुका है। इसी प्रकार भूमि सीडिंग (रिकार्ड एंट्री) अंतर्गत 69 हजार 268 किसानों में से 68 हजार 530 किसानों की एन्ट्री हो चुकी है। बरमकेला क्षेत्र के सहायक शिक्षक पंचायत के दिवंगत होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को अनुकंपा प्रकरण नियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें। इसी प्रकार धर्मेश साहू ने समाज कल्याण अधिकारी को दिव्यांगों के लिए बस सुविधा पास शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नागरिकों के कार्यों का निराकरण रूटीन में होना चाहिए। रूटीन कार्यों को छोड़कर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह में 2 बार किया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित सुविधाओं, योजनाओं का लाभ उस शिविर में प्रदान करें। जैसे मत्स्य, कृषि, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले सामग्री वितरण। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि राहत आपदा जैसे प्रकरण में हितग्राही को तत्काल उनके खाता में सहायता राशि प्रदान करें, भले ही हितग्राहियों और उनको मिले लाभ की जानकारी शिविर में प्रदान करें।

एजेंसी देना है
हरिभूमि समाचार पत्र में सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370049468

